हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जून 2026



### घुमका नगर पंचायत चुनाव: 85 मत से जीत हासिल कर पहली अध्यक्ष बनी फूलमती वर्मा

# फूलमती की आंधी में उड़ा कमल

## अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा, भाजपा ने जीते 10 वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के रोमांचक चुनाव में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। कांग्रेस की प्रत्याशी फूलमती वर्मा ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाजपा की उम्मीदवार किरण वर्मा को कड़े मुकाबले में 85 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से पराजित कर दिया है। यह जीत कांग्रेस के लिए एक बड़ी उपलब्धि के समान मानी जा रही है, क्योंकि स्थानीय स्तर पर मजबूत चुनावी मुकाबले के बावजूद फूलमती वर्मा ने जनता का विश्वास जीतने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की इस वापसी से उनके पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

वहीं दूसरी ओर पंद्रह वार्डों के पार्षद चुनाव की तस्वीर अध्यक्ष पद के नतीजों से बिल्कुल विपरीत नजर आई। पार्षद पद के चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी का दबदबा साफ तौर पर देखने को मिला है। कुल पंद्रह वार्ड में से दस वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने शानदार जीत हासिल की है। जबकि कांग्रेस के खाते में केवल पांच वार्ड ही आ सके। यह परिणाम दर्शाता है कि मतदाताओं ने वार्ड स्तर पर भाजपा के उम्मीदवारों और उनके स्थानीय जनसंपर्क पर अधिक भरोसा जताया है। एक ही चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस और पार्षदों के लिए भाजपा को चुनकर घुमका की जनता ने राजनीतिक दलों को एक मिलाजुला संदेश दिया है।



### कांग्रेस को 1512 मत



घुमका नगर पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा को कुल 1512 मत हासिल हुए। वहीं भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा को 1427 वोट मिले। वहीं आप प्रत्याशी अलीशा जोशी महज 70 वोट हासिल कर पाई। वहीं 22 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था। वहीं 29 वोट अंडरलाईन भी किया गया। इस तरह कांग्रेस की फूलमती वर्मा ने इस चुनाव में 85 वोट से जीत हासिल की।

### 95% हुआ मतदान

इस चुनाव की सबसे खास बात मतदाताओं का भारी उत्साह रहा। निर्वाचन संबंधी आंकड़ों के अनुसार इस नगर पंचायत चुनाव में 95 प्रतिशत का भारी मतदान दर्ज किया गया था। कुल तीन हजार चालीस मतदाताओं ने घर से निकलकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया था। इतनी बड़ी संख्या में लोगों का मतदान केंद्र तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि घुमका के नागरिक अपने स्थानीय नेतृत्व और विकास कार्यों को लेकर कितने अधिक जागरूक और मुखर हैं।

### सत्ता में रहते हारी भाजपा

इस पूरे चुनाव परिणाम का सबसे बड़ा और विचारणीय पहलू यह है कि सत्ता में रहते हुए भी भारतीय जनता पार्टी को अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर हार का सामना करना पड़ा है। सत्ता और संगठन की पूरी ताकत झोंकने के बावजूद मिली यह हार भाजपा के स्थानीय नेतृत्व और चुनाव प्रबंधन की रणनीति पर कई बड़े सवाल खड़े कर रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सत्ता पक्ष को इस हार की गहराई से समीक्षा करनी होगी। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के लिए यह जीत भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर गई है।

### बूथ मैंनेजमेंट के बाद पराजय

भाजपा ने घुमका के पहले नगर पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने के लिए महापौर मधुसूदन यादव को चुनाव संचालक बनाया था। उनके साथ जिला और प्रदेश भाजपा के तमाम नेताओं ने भी सक्रियता दिखाई। बूथ मैनेजमेंट के नाम पर भी लाखों रुपए खर्च किए, लेकिन इसके बाद भी भाजपा को करारी हार मिली। लोकल की बजाए बाहरी नेताओं को जिम्मा देना भी भारी पड़ गया।

### दिग्गजों ने झोंकी ताकत, फिर भी हारे

भाजपा ने घुमका के चुनाव को हाई-प्रोफाइल बना दिया था। भाजपा से जहां डिप्टी सीएम अरूण साव, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, विधायक भावना बोहरा, विधायक अनुज शर्मा ने सभा के जरिये प्रचार किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह ने भी घुमका पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली थी। इसके अलावा भी कई नेता प्रचार के लिए पहुंचे थे।

### वार्डवार चुनाव के परिणाम

- वार्ड क्रमांक 1 : इंद्रा वर्मा (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 2 : गौरव शर्मा (कांग्रेस) लॉटरी
- वार्ड क्रमांक 3 : कुमार बघेल (कांग्रेस)
- वार्ड क्रमांक 4 : शैलेंद्र वर्मा (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 5 : रुपनारायण साहू (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 6 : रामचंद्र वर्मा (कांग्रेस)
- वार्ड क्रमांक 7 : गोविंदा यादव (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 8 : नोहेंद्र सिन्हा (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 9 : ऊषा वर्मा (कांग्रेस)
- वार्ड क्रमांक 10 : रोशन वर्मा (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 11 : खिलेश यादव (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 12 : सुनीता वर्मा (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 13 : लोकेश्वरी पात्रे (भाजपा)
- वार्ड क्रमांक 14 : संतोष गंधर्व (निर्दलीय)
- वार्ड क्रमांक 15 : रुखमनी वर्मा (भाजपा)

ज्ञात हो कि इस नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक दो में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को बराबर मत मिले थे। जिसके बाद लॉटरी की प्रक्रिया की गई। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी गौरव शर्मा का नाम सामने आया। इस तरह गौरव शर्मा को जीत हासिल हुई।

**पूर्व सीएम की सभा ने बदला माहौल:** इस पूरे चुनावी अभियान में कांग्रेस की ओर से महज एक बड़ी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था। चुनाव में कांग्रेस एकजुट नजर आई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव की रणनीति से कांग्रेस को जीत हासिल हुई है। चुनाव में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल और पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल की सक्रियता भी अच्छी खासी रही।

### फूलमती के जीतने के पीछे यह फैक्टर

फूलमती वर्मा घुमका नगर पंचायत की पहली अध्यक्ष बनने जा रही है। उनकी जीत के पीछे कई फैक्टर ने काम किया। उनमें से सबसे महत्वपूर्ण उनका किरदार रहा। घुमका में अपनी शालीनता एवं मिलनसार व्यवहार के लिए फूलमती प्रसिद्ध है। इसके साथ ही सरपंच रहते हुए वे सभी घुमकावासियों के हर दुख-सुख के काम में साथ खड़ी रही। जिसका असर रहा कि चुनाव के दौरान सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ लोगों ने फूलमती को चुना। ज्ञात हो कि फूलमती के पति भी पहले एक बार उप सरपंच एवं एक बार पंच रह चुके हैं।

### घुमका में मना जश्न फूटे पटाखे

अध्यक्ष पद पर जीत की आधिकारिक घोषणा होते ही फूलमती वर्मा के खेमे में जश्न का माहौल बन गया। उनके समर्थकों में गजब का उत्साह देखने को मिला। जीत की खबर आते ही पूरे घुमका क्षेत्र में समर्थकों ने विजय जुलूस निकाला और जमकर आतिशबाजी की। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और बधाइयां देकर इस बड़ी ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया।

### जनता की जीत

यह जीत अकेले मेरी नहीं, बल्कि घुमका की जनता की जीत है। प्रदेश और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण लोगों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि के साथ-साथ खाद और बीज के संकट से किसान बेहद परेशान हैं। यही कारण है कि भाजपा के धन और बाहुबल को नकारते जनता ने कांग्रेस को मौका दिया है। चुनाव जीतने के बाद मैं सबसे पहले भारी भरकम टैक्स को कम करना और हर घर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करना मेरी प्राथमिकता है।

**- फूलमती वर्मा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष**

### जनादेश का सम्मान

घुमका की जनता जो भाजपा को जनादेश दिया है, हम उसका सम्मान करती हूं। हार की समीक्षा संगठन स्तर पर की जाएगी। घुमका की जनता की सेवा मैं लगातार करती रहूंगी और कांग्रेस द्वारा इस चुनाव में किए गए वायदों पर वे कितना खरा उतरते हैं, उस पर भी मेरी नजर रहेगी।

**- किरण वर्मा, भाजपा प्रत्याशी**

### उपेक्षा से असंतुष्ट हैं

यह चुनाव एक प्रकार का सेमीफाइनल था। जिसमें जनता ने बता दिया है कि वह भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों एवं आम जनता की उपेक्षा से असंतुष्ट हैं।

**- विपिन यादव, जिलाध्यक्ष कांग्रेस**

### कुछ कमी रह गई

जनादेश का सम्मान है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर हुई हार की जिम्मेदारी मैं लेता हूं। कुछ हमसे कमी रह गई, इसलिए पीछे हो गए। जनता को धन्यवाद है कि उन्होंने हमें दस पार्षद जीतकर दिया है।

**- कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष भाजपा**

## खबर संक्षेप

### आईपीएल सट्टा, फरार आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** आईपीएल सट्टा खिलाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर में धारा 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालन के संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त प्रकरण में आरोपी श्याम यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं मोबाइल विश्लेषण से फरार आरोपी राकेश कुमार उमरे निवासी समता कॉलोनी पनेका की संलिप्तता प्रकाश में आई। 3 जून को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा आरोपी राकेश कुमार उमरे को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# खतरे में खेती: नहीं मिल रहा डीजल खाद-बीज का संकट, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

किसानों को खाद-बीज और डीजल नहीं मिलने के मामले को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कृषक अधिकार आंदोलन के तहत मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

किसानों को खाद-बीज का संकट, अव्यावहारिक वितरण नीतियां, डीजल की किल्लत, कृषि बिजली दरें, धान की एकमुश्त राशि एवं लंबित विभागीय अनुदान सहित अन्य 10 सूत्रीय मांग को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। खेती किसानी का सीजन आने के साथ ही किसानों के सामने संकट भी आया हुआ है। इस वर्ष किसान खाद और बीज की कमी से जूझ रहे हैं। किसानों को महामाया किस्म की बीच उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वहीं डीएपी खाद के लिए किसानों को भटकना पड़ रहा है। इसके साथ ही खेतों में ट्रैक्टर और मोटर पंप चलाने के लिए पर्याप्त डीजल भी नहीं मिलने का मामला सामने आया है। जिससे परेशान किसानों ने ज्ञापन सौंपा है।

**पर्याप्त गैस सिलेंडर देने मांग:** किसान कांग्रेस द्वारा मांग करते हुए कहा गया है कि गैस सिलेंडर में बढ़ोत्तरी एवं समय अवधि पर पुनः विचार किया जाए। 45 दिन समय-सीमा से महिलाएं परेशान हो गई है और वह फिर से चूल्हा फूंकने मजबूर हो रही है। गैस की कीमतों को कम करने के साथ आवश्यकता के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं।



### कालाबाजारी रोकने मांग

खाद-बीज के संकट से जूझ रहे किसानों ने कहा कि खाद के इस कृत्रिम संकट का अनुचित लाभ उठाकर खुले बाजार में बड़े पैमाने पर जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो चुकी है। निजी दुकानों में ऊंचे दामों पर खाद बेचा जा रहा है। शासन इस कालाबाजारी को तत्काल बंद करवाए और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। कलेक्टोरेट कार्यलय पहुंचे किसानों ने कहा कि खेती-किसानी का समय है, लेकिन डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने कहा कि खेत में ट्रैक्टर का डीजल खत्म हो जाए तो पेट्रोल पंप पर केन में ट्रैक्टर और मोटर पंप चलाने के लिए डीजल मिल रहा है। जिससे समस्या उत्पन्न हो रही है।

### किस्तों में खाद देने का विरोध

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे जिला किसान संघ के अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि वर्तमान में जिनके पास 5 एकड़ से अधिक खेत हैं, उन्हें खाद तीन-तीन किस्तों में देने का नियम बना दिया गया है। कोई भी किसान बार-बार खेती का काम छोड़कर सोसायटियों के चक्कर नहीं काट सकता। उन्होंने कहा कि हमारी स्पष्ट मांग है कि चाहे छोटा किसान हो या बड़ा किसान, सभी को उनकी आवश्यकता की पूरी खाद एक बार में एकमुश्त प्रदान की जाए और टोकन व्यवस्था को तुरंत बंद किया जाए।

### एकमुश्त खाद देने सहित अन्य मांग

मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में किसानों ने प्रति एकड़ खाद की कटौती का फरमान वापस लेने, तीन बार में खाद देने की नीति बंद कर एकमुश्त खाद देने, आवश्यकता अनुसार बीज देने, जैरीकेन में डीजल-पेट्रोल देने की पाबंदी हटाने, कृषि बिजली की बढ़ती दरें वापस लेने और किसानों को मुफ्त बिजली देने, खाद की कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाने और प्रदेश में एक दर पर खाद देने, कृषि ऋण की राशि में बढ़ोत्तरी कर 40 हजार रुपए प्रति एकड़ किए जाने सहित अन्य मांगे रखी है।

# शराब तस्करी का आरोपी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वेन में अवैध रूप से बियर एवं शराब रखकर परिवहन किए जाने के मामले में खड़गांव पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा। जिसमें बियर व शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी खड़गांव उप निरीक्षक गणेश यादव के कुशल नेतृत्व में सुघ्घर जन सुरक्षित जिला अभियान के तहत आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते अवैध शराब कोचियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में 2 जून को वाहन चेकिंग कार्रवाई के दौरान एक चार पहिया वाहन टाटा ओमनी आया, जिसे चेक करने पर उक्त वाहन के अंदर तलाशी लेने पर एक नीला रंग के थैला में 20 नग सिंमबा बियर छत्तीसगढ़ निर्मित कीमती 4200 रुपए, एक नीला रंग के बैग में 18 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब छत्तीसगढ़ निर्मित जुमला 2160 रुपए एवं 14 पौवा शेरा प्लेन देशी मदिरा छत्तीसगढ़ निर्मित जुमला 1120 रुपए कुल जुमला 7480 रुपए का बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी अनिल सोनवानी 32 साल इंदिरा आवास मोहला के कब्जे से विधिवित जब्त कर मामला अजमानतीय होने से आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।



## बिक्री के लिए बोरी में रखा था शराब, 21 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** बोरी में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने के मामले में गैंदाटोला पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 21 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 जून को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि गैंदाटोला नहर-नाली के पास एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर विक्रय कर रहा।

सूचना पर मौके पहुंचकर घेराबंदी करने पर व्यक्ति मिला, जो नाम पूछने पर अपना का नाम राजकुमार यादव 30 साल ग्राम जंगलपुर का बताया। जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में 21 नग पौवा देशी शराब रोमियो छत्तीसगढ़ निर्मित कीमती 1680 रुपए तथा बिक्री रकम 500 रुपए कुल कीमती 2180 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ मौके पर अपराध धारा-34(1) आबकारी एक्ट का अपराध कायम कर विधिवत कार्रवाई की करते आरोपी को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर छोड़ा गया है।

### जिले में 22 केंद्रों में आयोजित की गई परीक्षा

# डीएलएड प्रवेश परीक्षा में 82% उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए शहर में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 6712 परीक्षार्थियों के बैठने व्यवस्था की गई थी। सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित इस प्रवेश परीक्षा के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में दाखिल होना था, लेकिन सुबह 8 बजे से परीक्षा केन्द्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ लगनी शुरू हो गई।



शिक्षक बनने की तमन्ना पाले सैकड़ों युवाओं ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन में प्रवेश पाने डीएलएड की परीक्षा दी। इस दौरान परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने कहा कि प्रश्न थोड़े कठिन आए थे।

**परीक्षा केन्द्रों के बाहर कड़ी जांच पड़ताल:** इधर जिला प्रशासन एवं परीक्षा संचालन समिति द्वारा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए तैयारी की गई थी। परीक्षा की सतत निगरानी और नकल रोकने के लिए उड़नदता दल, नोडल अधिकारी और पर्यवेक्षक दल नियुक्ति किया गया था। वहीं परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन सहित अनावश्यक सामग्री प्रतिबंधित किया गया था। इस दौरान परीक्षार्थियों को कड़े जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा।

### 1180 रहे अनुपस्थित

22 केन्द्रों में आयोजित हुई डीएलएड की परीक्षा में कुल दर्ज संख्या 6712 रही। जिसमें से 5532 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 1180 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इनमें से कुछ परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र साथ नहीं लाने और कुछ को देर से आने की वजह से वापस भी लौटना पड़ा।




संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### मकान मरम्मत शुरू

**मुसरा।** मानसून की दस्तक के पहले भानपुरी के ग्रामीण अपने घर की छप्पर को दुरूस्त करने में जुट गए हैं।

### वार्ड में गहराया जल संकट

**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड 16 में पानी की किल्लत से नागरिकों को परेशानी होने के बाद भी पार्षद द्वारा समाधान की दिशा में प्रयास नहीं किया जा रहा है। पार्षद की अनदेखी से लोगों में नाराजगी बढ़ी है। जानकारी के अनुसार वार्ड के नलों में पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। लोग कुए में लगे पंप से पानी का इंतजाम कर रहे है। वार्ड के मनेष साहू, सुरेश साहू, गंगा बाई, संतोष बख्शी सहित अन्य ने बताया की वार्ड में सफाई भी बंद है। नाली की सफाई महिनों से नही हुई है।

### नजूल की जमीन पर कब्जा की शिकायत

**डोंगरगढ़।** नजूल की जमीन पर कब्जा और निर्माण की शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय संरक्षण देने का मामला प्रकाश में आया है। अनुविभागीय अधिकारी ने नजूल की जमीन पर हुए कब्जा और निर्माण को हटाने का आदेश 10 माह पहले जारी किया था जिस पर अब तक अमल नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार वार्ड एक के वार्ड वासियों ने गलत ढंग से सेप्टिक टैंक बनाने से गंदगी और बदबू फैलने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पालिका के नजुल अधिकारी द्वारा कार्रवाई नहीं करने के बाद वार्ड वासियों ने उक्त मामले की शिकायत कलेक्टर से की है। शहर के विभिन्न वार्डो में नजूल की जगह पर कब्जा करने के अलावा बिना अनुमति निर्माण कराया जा रहा है। वहीं शिकायत मिलने के बाद अधिकारी द्वारा मौका मुआयना कर कार्रवाई करने के बजाए संरक्षण दिया जा रहा है।

### साइकिल रैली में शामिल हुए ग्रामीण युवा

**डोंगरगढ़।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तत्वावधान में माई भारत द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बासुला में साइकिल रैली का




आयोजन किया गया। इस २.५ किलोमीटर लंबी साइकिल रैली में स्थानीय युवाओं और माई भारत के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। रैली को मनोज वर्मा, गिरिवर वर्मा और द्रौपदी कुर्रे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अतिथियों ने युवाओं को संबोधित करते हुए साइकिल चलाने के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान माई भारत राजनंदगांव के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए माई भारत प्लेटफॉर्म के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साइकिल रैली का संचालन तेजस्वी वर्मा ने किया।

### खैरागढ़ सड़क हुई खस्ताहाल

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ और खैरागढ़ से जोड़ने वाले मार्ग की बरसात के पूर्व मरम्मत नहीं होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना



करना पड़ सकता हैं। प्रशासन से क्षेत्रवासियों द्वारा अनगिनत बार निवेदन करने के बाद भी अब तक सड़क के निर्माण को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चे इसी जर्जर मार्ग से गुजरते हैं। बारिश के दिनों में कीचड़ और जलभराव के बीच इन मासूमों के साथ कभी भी अनहोनी हो सकती है। इस रूट पर चलने वाली यात्री बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। अंचल के लोगों ने सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

### घुमका की जनता ने रचा इतिहास

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी फुलमती वर्मा एवं पार्षदों के विजय होने पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने



प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मतदाताओं, कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह विजय जनता के विश्वास और लोकतांत्रिक जनादेश की विजय है। उन्होंने कहा कि जनता के जनादेश का कांग्रेस सम्मान करते हुए नगर के विकास, जनकल्याण की जिम्मेदारी निभाएगी। उन्होंने उम्मीद जताया कि नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती वर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम टीम नगर के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छ प्रशासन, सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्य करेगी।

### देवव्रत की जयंती पर फल वितरण

**छुईखदान।** पूर्व सांसद स्व देवव्रत सिंह की जयंती पर उनके पुत्र राजा आर्यव्रत सिंह, पुत्री शताक्षी सिंह, बहन उज्ज्वला सिंह ने छुईखदान



अस्पताल पहुंचकर मरीजों और उनके सहयोगियों को फल वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने जयंती के मौके पर श्री सिंह को याद किया। फल वितरण के दौरान राजा गिरिराज किशोर दास, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, अनिमेश महोबिया, आलोक यादव, अनुराग सोनी, शैलेन्द्र तिवारी, किशन रजक, सुदेश सिंह, पुरुषोत्तम वर्मा, छोटू सिंह, राजेश चौबे, आदेश जंघेल, लेख नारायण, नजारुद्दीन खान सहित अन्य उपस्थित थे।

### टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान

**छुईखदान।** सुशासन तिहार अंतर्गत गोपालपुर में आयोजित समाधान शिविर में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया। प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने टीबी उन्मूलन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 7 सरपंचों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए कहा कि सुशासन तिहार शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनभागीदारी को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। जिले ने टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए वर्ष 2025 में 115 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाया है। लगातार दो वर्षों तक टीबी मुक्त रहने वाली ग्राम पंचायत बीरूटोला, बूढ़ानभाट एवं उरतुली को रजत श्रेणी, ग्राम पंचायत मुरई, घिरघोली, बाईकटोरी एवं साखा को कांस्य श्रेणी का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। शिविर में तीन टीबी मरीजों को निक्षय पोषण आहार किट प्रदान किया गया। इसके अलावा 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एआई-सक्षम पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से 52 लोगों की निःशुल्क जांच की गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, सीईओ प्रेम कुमार पटेल, सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## मचानपार में द्वारका जीते, आधा दर्जन पंच चुने गए निर्विरोध

# उप चुनाव में भाजपा की जीत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव**

त्रि स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 मचानपार में हुए उप चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जीत दर्ज किया है।

तत्कालीन जनपद सदस्य दौवाराम नारंग का निधन होने के बाद से जनपद पंचायत का क्षेत्र क्रमांक 5 मचान पार नेतृत्व विहीन था। रिक्त सीट को भरने के लिए उप चुनाव कराया गया। गत एक जून को मतदान होने के बाद गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय में परिणाम की विधिवत घोषणा की गई। जानकारी के अनुसार भाजपा समर्थित द्वारकादास टंडन ने 1269 मत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस समर्थित नेतराम देशलहरे को 75 मतों के अंतर से पराजित किया। यहां से चुनाव लड़ने वाले आत्माराम रात्रे को 235 और भानु राम नारंग को 610 मत मिले। इसी प्रकार ब्लाक की छह ग्राम पंचायतों में पंच के लिए भी उप चुनाव हुआ। सभी जगह एक- एक अभ्यर्थी के नामांकन पत्र दाखिल करने से मतदान कराने की नौबत नहीं आई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढाबा के वार्ड नंबर 7 से दुबीनराम, ग्राम पंचायत परना के वार्ड नंबर 11 से मोहनलाल बांधे, ग्राम पंचायत कोहका (ढाबा) के वार्ड नंबर 5 से अवधराम, ग्राम पंचायत कोकपुर के वार्ड नंबर 2 से हितेश्वरी, ग्राम पंचायत हरदी के वार्ड नंबर 7 से जागेश्वरी मारकंडे और ग्राम पंचायत कुतुलबोड़ भाठागाँव के वार्ड नंबर 9 से जामिन बाई राणा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।



### भाजपा में खुशी की लहर

दीवानझिटिया में बगावत के आसार बनने के बाद भी भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं में परिणाम घोषित होते ही खुशी की लहर दौड़ गई। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौती, जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष हिना जैन, मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव, अर्जुनी मंडल के कोषाध्यक्ष विजय जैन, नेहा जैन, नवीन परमार, खुमान साहू, मन्ना साहू, राजाराम, पूनाराम, डोगेश्वर, गोपाल, महेन्द्र साहू, गौतरहन यादव, अनिल साहू, लगन साहू, ईश्वर साहू, मनमोहन वर्मा, पुनेश्वर जोशी, भुनेश्वर जोशी, गया साहू आदि ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित जनपद सदस्य श्री टंडन सहित पंचों को बधाई दी है।

## कोर्ट के आदेश पर भी नहीं हटा अवैध कब्जा



**डोंगरगढ़।** कालकापारा वार्ड 10 स्थित गणेश मंडली के पास सड़क पर हुए अवैध निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। वार्डवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटाने और वहां संचालित असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।वार्डवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं नगर पालिका प्रशासन को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि एक व्यक्ति ने सड़क पर अतिक्रमण करते हुए मकान बना लिया है। मामले की शिकायत पूर्व में भी की गई थी। नगर पालिका ने प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने निर्माण हटाने का आदेश दिया है, लेकिन अब तक निर्माण नहीं हटाया गया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि वर्तमान में जुआ खिलाने और शराब बिक्री जैसी गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। लोगों के अनुसार यहां आए दिन शराब के नशे में विवाद, मारपीट और गाली-गलौज करने की घटनाएं होते रहती हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। पार्षद मुकेश सहारे सहित नागरिकों ने आवेदन सौंपकर प्रशासन से न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए अवैध निर्माण हटाने की मांग की है।

## व्यवसायिक शिक्षा पर काउंसलिंग



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 9वी में नव-प्रवेशित बच्चों के लिए काउंसलिंग सेशन रखा गया, जिसमें 30 बच्चे शामिल हुए। बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा अंतर्गत हेल्थकेयर ट्रेड के बारे में बताया गया। हेल्थकेयर ट्रेड अंतर्गत होने वाली गतिविधि जैसे अतिथि व्याख्यान, इंडस्ट्रियल विजिट, ऑन जॉब ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, मॉडल प्रेजेंटेशन, चार्ट प्रेजेंटेशन, प्लेसमेंट आदि की जानकारी दी गई। व्यावसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण ने बताया कि वर्तमान में सबको जॉब देना संभव नहीं है और आने वाले समय में जॉब की समस्या और अधिक बढ़ने वाली है। ऐसी स्थिति में हेल्थकेयर ट्रेड लेकर पढ़ने वाले बच्चों को जॉब मिलने में आसानी होगी। जॉब न मिलने पर खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। प्राचार्य केके साहू व्यवसायिक शिक्षा पर जोर दिया।

## स्टेडियम में निजी क्रिकेट अकादमी का संचालन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

■ नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

नगर के नागरिकों ने नेहरू महाविद्यालय स्थित स्टेडियम में निजी व्यक्ति द्वारा शुल्क लेकर संचालित की जा रही क्रिकेट अकादमी पर आपत्ति जताते हुए अनुविभागीय अधिकारी एम. भार्गव को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में जनहित, सुरक्षा तथा सार्वजनिक उपयोग की दृष्टि से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन में नागरिकों ने बताया कि नेहरू महाविद्यालय स्टेडियम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं खेलने एवं व्यायाम करने पहुंचते हैं।



नागरिकों का आरोप है कि कुछ समय से स्टेडियम परिसर में एक निजी व्यक्ति द्वारा शुल्क लेकर क्रिकेट अकादमी का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों से प्रतिमाह लगभग एक हजार वसूल किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह सार्वजनिक परिसर होने के बावजूद यहां निजी व्यवसायिक गतिविधि संचालित की जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि क्रिकेट अभ्यास के दौरान गेंद विभिन्न हिस्सों में पहुंचती हैं, जिससे टहलने आए नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। कई बार गेंद लगने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

### जांच और कार्रवाई की मांग

लोगों ने प्रशासन से स्टेडियम में निजी व्यक्ति द्वारा संचालित क्रिकेट अकादमी की वैधानिक स्थिति, अनुमति एवं संचालन संबंधी पहलुओं की जांच कराने की मांग की है। प्रावधान का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की भी मांग की गई है।

## भरान से निपटने नाला-नाली की सफाई

■ बारिश से निपटने जुटा निगम प्रशासन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

इस वर्ष भी महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर बारिश के पूर्व शहर के सभी बड़े नाली-नालों की सफाई कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत मार्च से नाला सफाई प्रारंभ किया गया है।

चरणबद्ध शहर के प्रमुख नाली-नालों की सफाई कराई जा रही है। महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य का अमला प्रतिदिन नाला सफाई मेन्युअल एवं जेसीबी के माध्यम से कर रहे हैं। जिसकी सतत निरीक्षण भी महापौर श्री यादव, आयुक्त श्री विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है। वहीं प्र. स्वाथ्य अधिकारी राजेश मिश्रा एवं स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सभी नाला-नाली की सफाई का जायजा लेकर सफाई दरोगा को अपने-अपने क्षेत्र में चरणबद्ध सफाई कराने मार्गदर्शन दे रहे हैं।



### मेयर और आयुक्त ने लिया जायजा

नाला सफाई के संबंध में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि बरसाती पानी का बहाव ठीक ढंग से होने एवं निचली बस्तियों में पानी भरान की स्थिति से निपटने प्रथम चरण में नंदई चौक, प्रभात नगर नाला, राजीव नगर सेंटर पुलिया से अस्पताल चौक, इंदिरा नगर नाला से लोहा बाड़ा तक, कन्हारपुरी शीतला मंदिर एवं कर्मा भवन के सामने नाला, बीके नगर कच्चा नाला, शांतिनगर नाला, महामाया चौक से कल्याणिका देव स्थानक मंदिर तक नाला, भरकापारा, वेयर हाउस के पास, जीई रोड कलेक्टोरेट नाला, हल्दी, राजीव नगर आडिटोरियम के पीछे, गांधी चौक, बांसपाई पारा, श्रीराम हास्पिटल के नालों की सफाई कराई गई। वर्तमान में मुरारजी पुलिया, पुराना बस स्टैंड के सामने, नंदई अमित चूना के पास के नाले की जेसीबी के माध्यम से सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा द्वितीय चरण में नवागांव, नई गंज मंडी, मोहारा रोड, लखोली मेन रोड, कन्हारपुरी, जीई रोड के अलावा शेष नालों की भी सफाई कराई जाएगी तथा नालों की सफाई निरंतर जारी रहेगी।

### निगरानी करने के निर्देश

महापौर श्री यादव एवं आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि जिन क्षेत्रों की नाला सफाई नहीं हुई है, वहां अविलंब सफाई प्रारंभ किया जाए। इसके अलावा अन्य नाले की सफाई जहां जेसीबी से कराना संभव नहीं है, वहा गैंग बनाकर सफाई कराया जाए। उन्होंने कहा कि जल शुद्धिकरण, सड़े-गले फल, सब्जियों का विनिष्टिकरण, फागिंग स्प्रे आदि कार्य ग्रीष्म ऋतु में बेहतर रूप से संपादित किया जाए। उन्होंने ग्रीष्मकाल में होने वाले बीमारियों के रोकथाम व विभिन्न सफाई अभियान सम्पादित कराए जाने के साथ-साथ जल शुद्धिकरण अंतर्गत निगम सीमांतर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पाउडर डालकर जलशुद्धिकरण कराने निर्देशित किया। इसके अलावा वार्डों में प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## निगम के लाइनमेन एवं सफाईकर्मी हुए सेवानिवृत्त



**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

■ निगम में दी गई भावभीनी बिदाई

नगर निगम में कार्यरत 8 कर्मचारी अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें मंगलवार को नगर निगम सभागृह में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गई।

सेवानिवृत्त कर्मचारी विद्युत विभाग में लाईनमेन के पद पर कार्यरत अरूण कुमार साहू एवं स्वास्थ्य विभाग में सफाई कामगार के पद पर कार्यरत क्रमशः अल्का/राम्हू, कमला/ताराचंद, प्रेमाबाई/विजय तुर्केल, अमिता/रमेश सोनेकर, राजू/रमेशर, मंगलूराम/धरमूराम एवं राजूलाल/अभयलाल रंगडे को आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे एवं कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके ने माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया।

### योगदान को किया गया याद

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि निगम परिवार के 8 कर्मचारी, जो सेवानिवृत्त हुए उन्हें बिदाई दी जा रही है। 7 कर्मचारी सफाई जैसे महत्वपूर्ण विभाग में सुबह से अपने काम में लग निष्ठापूर्वक सेवा किए। उसी प्रकार विद्युत विभाग में लाईनमेन का काम भी बहुत महत्वपूर्ण है। जिसका अरूण साहू ने लगन एवं ईमानदारी से निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि एक साथ इतने सारे कर्मचारी सेवानिवृत्त होने से काम प्रभावित होगा, लेकिन सभी को इनके जैसे अपने कार्यों का निर्वाहन करना है। कार्यपालन अभियंता श्री खाण्डे एवं श्री रामटेके ने भी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासन नियमों के तहत हमारे साथी कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, इन्होंने अपनी सेवाकाल में अच्छा काम किया, इसके लिए हम इनका आभार व्यक्त करते है। बिदाई समारोह का संचालन प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जूनियर स्पीड हैंडबॉल नेशनल प्रतियोगिता




**राजनांदगांव।** बागपत उत्तरप्रदेश में आयोजित द्वितीय जूनियर स्पीड हैंडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में हरियाणा को संघर्ष पूर्ण मैच में 10-09 से पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके पूर्व टीम ने दिल्ली, झारखंड, बिहार और वेस्ट बंगाल को पराजित किया था। सेमीफाइनल में वह संघर्षपूर्ण मुकाबले में चंडीगढ़ से 11-13 हार गई।

टीम की इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, खेल विभाग के सहायक संचालक ए एक्का सहित खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह सफलता राज्य में स्पीड हैंडबॉल खेल के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है।

जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन और सचिव प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों के समर्पण, नियमित अभ्यास और संघर्षशीलता की सराहना करते कहा कि यह उपलब्धि भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। राज्य के लिए कांस्य पदक एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सफलताओं का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

प्रतियोगिता के दौरान टीम की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय देते राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। टीम ने लीग चरण से लेकर नॉकआउट मुकाबलों तक बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कठिन मुकाबलों में संघर्षपूर्ण खेल दिखाते सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। टीम में नेहा यादव, करुणा यादव, ज्योति मंडावी, डेनिका ऐले, कनक जोगी, तनुजा मंडावी, लिशा मरकाम तथा टीम की कोच शबनम अंसारी आदि शामिल थी।

## खेत बचाओ अभियान की दी जानकारी

**राजनांदगांव।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में चलाए जा रहे धरती माता बचाओ खेत बचाओ अभियान के तहत छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमरदा में किसानों एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। किसानों को खेती की नई तकनीकी, खेती में जैविक विधि अपनाकर खेत बचाओ एवं पानी बचाओ, उन्नत किस्म की खेती कर उन्नति की डीएसआर विधि का उपयोग कर खेती करने के संबंध में जानकारी दी गई। कृषि विस्तार अधिकारी सुदेश पटेल ने जैविक खेती करने के लाभ के बारे में बताया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


विश्व
पर्यावरण
दिवस
5 जून
की
हार्दिक बधाई


विश्व
पर्यावरण
दिवस
5 जून
मत फैलाओ अब प्रदूषण,
पर्यावरण का करो संरक्षण।
की
शुभकामनाएँ...
आलोक श्रोती
चेयरमेन, शिक्षा विभाग
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव


पर्यावरण की रक्षा
मानवता की सुरक्षा
विश्व
पर्यावरण
दिवस
5 जून
की शुभकामनाएँ...
World
Environment
Day
एक शुभचिंतक
जिला- मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी


पर्यावरण दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
राकेश ठाकुर
वरिष्ठ अधिवक्ता, राजनांदगांव


NEW HOLLAND
10 पे 21 का दम
₹10 000/-* की बुकिंग पर पाएं
₹21 000/-* की रसीद
₹11 000/- तक का फायदा*
बुकिंग व डिलीवरी अवधि 20 मई 2026 तक*
3630 TX super PLUS
अपग्रेडेड FPT इंजन
सेसोमेटिक** हाइड्रोलिक लिफ्टिंग
डबल फुटस्टेप्स व हीटगार्ड के साथ नया प्लेटफार्म
असली हीरो की असली ताक़त
यह ऑफर न्यू हॉलैंड 3630 TX Super Plus पर मान्य है
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें - 8602996070
Visit us at: www.newholland.com/in
CNH CAPITAL
शाकाम्भरी ट्रेडर्स
राजनांदगांव रोड़, सोनेसरार, खैरागढ़
+91 8602996070


हाथ से हाथ
मिलाओ
पेड़ लगाओ,
पर्यावरण
बचाओ
विश्व
पर्यावरण दिवस
के अवसर पर आप सभी
को हार्दिक बधाई
- विनीत -
एक
पर्यावरण
प्रेमी
राजनांदगांव


पर्यावरण हैं अनमोल
नहीं इसका कोई मोल
विश्व
पर्यावरण
दिवस
की
शुभकामनाएँ...
प्रदीप टण्डन
राजनांदगांव


आओ मिलकर यह संकल्प लें,
धरती को हराभरा और जीवन को खुशहाल करें।
पर्यावरण
बचाएँ
भविष्य
संवारें
विश्व
पर्यावरण
दिवस
5 जून
एक पेड़ लगाएँ, कल को बचाएँ
वन मण्डल,
खैरागढ़

## सार समाचार

### संगठित कांग्रेस की जीत है घुमका : विपिन

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा की विजय को कांग्रेस संगठन की एकजुटता, सुनियोजित रणनीति और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम बताया है। श्री यादव ने कहा कि घुमका का यह परिणाम केवल एक स्थानीय निकाय चुनाव का परिणाम नहीं है, बल्कि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले जनता का स्पष्ट राजनीतिक संदेश है। यह चुनाव एक प्रकार का सेमीफाइनल था। जिसमें जनता ने बता दिया है कि वह भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों एवं आम जनता की उपेक्षा से असंतुष्ट है। जनता का भाजपा से विश्वास लगातार कम हुआ है और कांग्रेस के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है।

### पानी उबालकर पीने की अपील

**राजनांदगांव।** जिले में पीलिया बीमारी से प्रसित 5 मरीज हैं। जिनका उपचार जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में किया जा रहा है। जिसमें से एक मरीज स्वस्थ होकर हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गए हैं। एक का घर पर इलाज चल रहा है तथा 3 मरीज का इलाज अभी जिला चिकित्सालय में जारी है। जिले में पीलिया के कुछ मरीज पाए गए हैं। बीमारी के स्थानीय कारणों के संबंध में जांच की जा रही है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते पानी को उबालकर पीएं तथा क्लोरीन टेबलेट युक्त पेयजल का ही उपयोग करें।

### उल्लंघन करने पर जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जैपुर जिला वासिम महाराष्ट्र निवासी लाहू परसराम चौहान के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 06 बीडब्ल्यू 5161 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उक्त वाहन से 9 नग गौवंश को बिना चारा पानी के कलकत्ता की ओर ग्राम पहलवान चारभांठा से ग्राम कुल्हाडी ले जाया जा रहा था। जिसमें से 9 गौवंश जीवित एवं 1 गौवंश मृत अवस्था में था।

### भागवत शरण सिंह बने जिला मुख्य आयुक्त

**खैरागढ़।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के लिए गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। समाजसेवा, जनजागरण एवं जनहित के मुद्दों पर लगातार सक्रिय रहने वाले समाजसेवी भागवत शरण सिंह को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ ने जिले का जिला मुख्य आयुक्त नियुक्त किया है। राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्हें आगामी आदेश तक जिले में संगठन के सर्वोच्च जिला पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन माना जाता है, जो बच्चों और युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का कार्य करता है।



### पेटी से नगदी रकम चोरी

**मोहला।** घर के पीछे दीवार से प्रवेश कर अज्ञात चोर ने पेटी में रखे नगदी रकम डेढ लाख रुपए को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी वार्ड क्र. 5 में स्थित एक मकान में पीछे की दीवार से घर के भीतर प्रवेश कर अज्ञात चोर ने पेटी में रखे नगदी रकम 1,50,000 रुपए को चोरी कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी रामजी लाल तुलावी ने दर्ज कराई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### कोल्ड स्टोरेज के नाम पर धोखाधड़ी

**राजनांदगांव।** कोल्ड स्टोरेज का कार्य करने के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने के एक मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया जय मां संतोषी कोल्ड स्टोरेज ग्राम बोरी द्वारा 3 जून को थाना में एक लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि आरोपी मेट्रो रेफ्रीजरेशन इंडस्ट्रीज गाजियाबाद उप्र के संचालक सुखविंदर सिंह द्वारा प्रार्थिया का कोल्ड स्टोरेज कम्पलीट बनाने 7,18,00,000 रुपए में सौदा तय कर बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से भिन्न-भिन्न तारीखों पर 6,55,38,231 रुपए तथा नगदी 62,21,275 रुपए कुल राशि 7,17,59,506 रुपए प्राप्त कर प्रार्थिया के कोल्ड स्टोरेज का कार्य 11 नवंबर 22 से अब तक पूरा नहीं कराया। कार्य पूर्ण करने कहने से कार्य पूर्ण अब तक नहीं किया, न ही पैसा लौटाया। लगातार टाल-मटोल कर प्रार्थिया से 1,98,58,112 रुपए का छल एवं धोखाधड़ी किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर अनोखी पहल, हरित वन क्षेत्र किया जा रहा विकसित

# गौशाला में पर्यावरण संरक्षण, रोपे 5 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

पर्यावरण संरक्षण को लेकर धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला ने गौ के साथ पर्यावरण संरक्षण के संयुक्त मॉडल को सामने रखा है। गौशाला में बीते पांच सालो के दौरान करीब 5000 पौधे लगाए गए हैं और एक हरित वन क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

गौवंश और वन्य जीवों की जल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए परिसर में विशाल तालाब भी बनाया गया है। संस्था का कहना है कि प्रकृति, पर्यावरण और गौ संरक्षण के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य तैयार किया जा सकता है।

गौ सेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी लगातार काम कर रही संस्था का उद्देश्य ऐसा प्राकृतिक वातावरण तैयार करना है, जहां गौवंश खुले वातावरण में विचरण कर सके और जैव विविधता को बढ़ावा मिले। गौशाला द्वारा विकसित किया जा रहा हरित क्षेत्र भारतीय परंपरा की गोचारण व्यवस्था से प्रेरित है। इसके साथ ही गौ आधारित जैविक उत्पादों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। संस्था का मानना है कि भूमि, जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक खेती और वृक्षारोपण दोनों जरूरी हैं।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस पर गौशाला के संस्थापक व प्रबंध न्यासी डॉ अखिल जैन ने नागरिकों से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील की है। संस्था ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने, प्लास्टिक और रसायनिक प्रदूषण कम करने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा गौ एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में सहभागिता बढ़ाने का भी आह्वान किया और कहा कि गौ संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। गौ आधारित जैविक उत्पाद प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हैं, जिससे भूमि और जल संरक्षण में मदद मिलती है। उनका कहना है कि जहां वृक्ष हैं वहां जीवन है, जहां प्रकृति सुरक्षित है वहीं मानवता का भविष्य सुरक्षित है।

## कब्रिस्तान और श्मसान घाट में बिखेर रहे हरियाली

**सज्जाक खान.छुईखदान।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने वाले लोगों की मेहनत से क्षेत्र में हरियाली नजर आ रही है। कोई व्यक्ति अकेले जिम्मेदारी निभा रहा है तो कहीं समितियां संगठित होकर पर्यावरण संवर्धन का कार्य कर रही हैं। इसी तरह श्मशान और कब्रिस्तान में हरियाली फैलाने का संकल्प साकार हुआ है।

वार्ड क्रमांक 15 के निवासी शेख निजबूद्दीन खान (अब्बू)ने मुस्लिम कब्रिस्तान छुईखदान को हराभरा और सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया है। उनकी दिनचर्या की शुरुआत ही कब्रिस्तान पहुंचकर पेड़-पौधों की सेवा से होती है। वे प्रतिदिन सुबह कब्रिस्तान जाकर पौधों को पानी देते हैं, उनकी देखरेख करते हैं तथा पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य भी करते हैं। हर वर्ष बारिश के मौसम में वे स्वयं पौधे लाकर रोपण करते हैं और उनकी नियमित देखभाल भी करते हैं। उनके निरंतर प्रयासों का परिणाम है कि आज कब्रिस्तान परिसर हरियाली से आच्छादित नजर आता है। यहां आने वाले लोगों को शांति और सुकून का अनुभव होता है। शेख निजबूद्दीन खान (अब्बू)ने बताया कि वे सुबह लगभग 6 बजे कब्रिस्तान पहुंच जाते हैं और करीब चार से पांच घंटे तक सेवा कार्य में लगे रहते हैं। पौधों की देखभाल और परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है। यही समर्पण उन्हें समाज में एक अलग पहचान दिला रहा है।श्री शेख एक पैर में चोट से परेशान हैं लेकिन उनके कार्य करने का जज़्बा युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है ।



### जय जगन्नाथ सेवा समिति ने बदली श्मशान घाट की तस्वीर

छुईखदान स्थित बड़े तालाब के श्मशान घाट को जय जगन्नाथ सेवा समिति ने अपने सतत प्रयासों से आकर्षक और हराभरा बना दिया है। आज यह स्थान लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। समिति के सदस्य संजीव दुबे, आदित्य देव, शरद श्रीवास्तव,डॉ,भद्र दीपक वैष्णव विक्रम सिंह सहित अन्य सदस्य प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान श्मशान घाट पहुंचकर पेड़-पौधों की देखभाल करते हैं। वर्षों से जारी इस सेवा कार्य के माध्यम से समिति पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दे रही है।आज पूरा श्मशान घाट स्थल पर हरियाली उपलब्ध है। समिति के सदस्य प्रतिदिन सुबह लगभग 6 बजे से दो घंटे तक पौधों की देखरेख, सफाई और हरियाली बढ़ाने के कार्य में जुटे रहते हैं। उनके प्रयासों से श्मशान घाट का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है और यह स्थान अब प्राकृतिक सुंदरता का उदाहरण बन चुका है। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि शेख निजबूद्दीन खान और जय जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों जैसे पर्यावरण प्रेमियों के प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश देते हैं।



## निरीक्षक संजय चला रहे हैं पर्यावरण को लेकर मुहिम



**खड़गांव।** थाना प्रभारी निरीक्षक संजय यादव सदैव पर्यावरण को लेकर कुछ ना कुछ करते रहते हैं। जिसके चलते उन्हें पर्यावरण प्रेमी के नाम से भी जाना जाता है। संजय यादव द्वारा हमेशा पेड़-पौधों को सुरक्षित रखने एवं पर्यावरण को लेकर आमजनों को जागरूक किया जाता है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्वयं समय-समय पर अपनी टीम के साथ पेड़-पौधों के आसपास घेरा बनाकर सुरक्षित रखने का काम किया जाता है।

जनवरी 2025 से लेकर मई 2026 तक खड़गांव थाना प्रभारी निरीक्षक संजय यादव बने रहे अपने विभागीय कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण को लेकर भी जबर्दस्त काम किया गया। जिसके चलते संजय यादव की अपनी एक अलग ही पहचान रही। जिले में बरगद व पीपल पौधे नहीं मिलने पर दुर्ग नर्सरी से बरगद व पीपल के लगभग बीस से पच्चीस पौधे लेकर आए और खड़गांव नेशनल हाईवे 930 के किनारे एवं आसपास के तालाब पार पर 2025 में पौधरोपण किया और पौधों की सुरक्षा के लिए चारों तरफ से घेरा बनाकर उसे सुरक्षित रखते हर रविवार सुबह जाकर उसकी देखभाल किया। संजय यादव और उनकी टीम ने लगातार पौधों की सुरक्षा के लिए समय-समय पर खाद-पानी डालते रहे और पौधों को सुरक्षित रखते उसे बड़ा किया।

### पर्यावरण को सुरक्षित रखने पौधरोपण

संजय यादव ने एक संकल्प लिया है कि मैं जहां भी रहूंगा पर्यावरण को सुरक्षित रखते हर जगह पौधरोपण करूंगा। जिससे प्रदूषण कम होगा और आने वाले समय पर सभी लोगों को ठंडी हवा सहित छांव का सुख मिलेगा। संजय यादव वर्तमान समय पर सीतागांव थाना प्रभारी है। जिनके द्वारा सीतागांव थाना और आसपास क्षेत्रों पर पौधरोपण कार्य किया जा रहा है। खड़गांव थाना एवं आसपास क्षेत्रों में भी संजय यादव द्वारा पौधरोपण किया गया था। जिसका सुख वर्तमान समय पर आमजनों को मिल रहा है।

## गोदाम से अनाज चोरी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गोदाम में रखे अनाज की चोरी के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने पतासाजी करते चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 3 जून की रात्रि थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि औद्योगिक क्षेत्र ममता नगर में स्थित दुलीचंद शिवचंद पारख फर्म संचालित है, जहां अनाज का गोदाम है एवं अनाज फिल्टर का काम किया जाता है तथा अनाज जमा रखा जाता है। उक्त फर्म के मालिक खुबचंद पारख हैं। फर्म में विगत 40 वर्षों से मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उक्त गोदाम में मार्च 2026 से रखे हुए अनाज को समय अंतराल पर अज्ञात चोर द्वारा रात्रि के समय चोरी किया जाता रहा है। विगत समय में जब गोदाम का दरवाजा खोला गया, तब तीन बार ताला एवं चैन को संदिग्ध स्थिति में पाया गया। गोदाम का मुआयना करने पर गोदाम में रखे अनाज के कट्टों में कमी पाई गई। मिलान करने पर अनाज चना खंडा, सोयाबीन, मसूर जुमला कीमती लगभग 4,50,000 रुपए को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (3), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। विवेचना में लिया गया।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाला

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर गोदाम तथा उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर राहुल कुर्रे निवासी पुराना ढाबा एवं दिनेश साहू निवासी शिवनगर ढाबा रोड़ को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया अनाज की बिक्री रकम 7,900 रुपए जब्त कर मामले में विधिवत गिरफ्तार 4 जून को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# राधा-कृष्ण चरित्र कथा में बही भक्तों में भक्ति और प्रेम की अविरल धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव के तृतीय दिवस भक्ति, प्रेम और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री नारायण धाम स्थित श्री सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन में आयोजित राधा-कृष्ण चरित्र कथा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा के दौरान पूरा परिसर राधे-राधे के जयघोष और भक्ति रस से सराबोर रहा।

- राधा और कृष्ण दो नहीं एक ही दिव्य स्वरूप हैं : शर्मा

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के विष्णु लोहिया, नरेंद्र गोयल एवं संतोष सिंघल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में प्रतिदिन धर्म, अध्यात्म, संस्कार और सेवा की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। जिसका लाभ लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### राधा नाम है अनमोल

कथावाचन के दौरान पं. शर्मा ने कहा कि राधा नाम स्वयं में अनमोल है। राधा और कृष्ण दो नहीं, बल्कि एक ही दिव्य चेतना के दो स्वरूप हैं। राधा में कृष्ण और कृष्ण में राधा का वास है। उन्होंने बताया कि जहां प्रेम है, वहां राधा है और जहां करूणा है, वहां कृष्ण है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।



### व्यासपीठ का स्वागत

राधा-कृष्ण चरित्र कथा प्रारंभ होने से पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सूरज बुद्धदेव एवं अखिल भारत वर्षीय खंडेलवाल महासभा के राष्ट्रीय युवा संयोजक शरद खंडेलवाल कथास्थल पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान पं. अर्पित भाई शर्मा का पुष्पहार एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विजय हरिहरनो, अशोक लोहिया एवं हरीश अग्रवाल ने भी पं. अर्पित भाई शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कथा के मार्मिक प्रसंगों ने किया भाव-विभोर

व्यासाचार्य पं. अर्पित भाई शर्मा ने कथावाचन में राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं, प्रेम, समर्पण और भक्ति के अद्भुत प्रसंगों का वर्णन किया। कथा के दौरान कई ऐसे मार्मिक क्षण आए, जब श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई और भक्ति-भाव अश्रुधारा बनकर बह निकला।

## ग्राम बोरई में विविध कार्यों हेतु भूमिपूजन

# विकास कार्यों के भूमिपूजन में विक्रांत ने गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरई, कोटरा एवं मैनहर में विभिन्न विकास कार्यों का जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष जिपं सदस्य ललित चोपड़ा और विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन रहे।

ग्राम बोरई में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवन निर्माण, ग्राम कोटरा में मुक्तिधाम निर्माण और ग्राम मैनहर में शीतला मंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। ग्रामीणों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए शासन लगातार राशि उपलब्ध करा रहा है, जिससे गांवों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना को रोक दिया गया था, जिससे छत्तीसगढ़ के लगभग 18 लाख गरीब परिवारों को आवास का लाभ नहीं मिल सका लेकिन जैसे ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, सबसे पहले इन 18 लाख आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई।



### विकास पर है सरकार का फोकस

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी जा रही है और अंतर की राशि भी एकमुश्त दी जा रही है। साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सालाना 6000 रुपया भी दिए जा रहे हैं। विक्रांत सिंह ने कहा कि नवीन जिले के समुचित विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा जिला अस्पताल, नालंदा परिसर, जिला पंचायत भवन, कलेक्ट्रेट परिसर सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की शुरुआत की जा चुकी है, जिससे जिले को एक मजबूत आधार मिलेगा। इस दौरान भावेश कोचर, रोशन चंद्राकर, जैनेन्द्र जंघेल, राजकुमार जंघेल, बलराम वर्मा, पूरन जंघेल, दुष्यंत जंघेल, रेखचंद जंघेल, संगीता हुलास साहू, भगवंतिन साहू, अशोक पाल, दीना जंघेल, डोमार भेडिया, दिवाकर सोनी, राजकुमारी संजय धुर्वे, डॉ शिवनंदन दशरिया, मंगल जंघेल, दाताराम जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण आमजन की सुविधाओं पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

- कलेक्टर ने डोंगरगांव तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार को तहसील कार्यालय डोंगरगांव का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, राजस्व प्रकरणों एवं नागरिक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने तहसील कार्यालय में पहुंचे ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम बाकल निवासी तोरण खूंटे वर्ष 2000 से वर्ष 2024 तक के बी-1 नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन करने पहुंचे थे। कलेक्टर ने उनके आवेदन पर संज्ञान लेते नियत अवधि में दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम आलीखूंटा के बुजुर्ग ग्रामीण बल्दु राम पिता मेहतर सीमांकन नहीं होने की समस्या लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे थे। उनकी समस्या सुनकर तत्काल आवेदन लिखवाकर सीमांकन का प्रकरण दर्ज कराया गया। ग्राम पैरी निवासी छन्नूलाल साहू पिता दीनालाल जन्म प्रमाण पत्र संबंधी कार्य से तहसील कार्यालय आए थे। कलेक्टर ने उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन राजस्व प्रकरणों की अपील अवधि पूर्ण हो चुकी है, उनसे संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों को नियमानुसार रिकॉर्ड रूम में जमा कराया जाए। जिससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण एवं संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने प्रत्येक शाखा एवं कक्ष के बाहर स्पष्ट सूचना एवं साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। जिससे नागरिकों को यह आसानी से जानकारी मिल सके कि किस प्रकार का कार्य किस कक्ष में संपादित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकेगा तथा कार्यालयीन कार्यों में और अधिक सुगमता आएगी। उन्होंने तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को आमजनों के प्रति संवेदनशील रहते उनके आवेदनों एवं समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आदेशों की समीक्षा

कलेक्टर ने चालक अनिल कुमार के वेतन भुगतान संबंधी प्रकरण को स्वयं ई-कोष पोर्टल में प्रोसेस कर त्वरित कार्य निष्पादन का उदाहरण प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने पूर्व में निराकृत राजस्व प्रकरणों के आदेशों का अवलोकन कर उनकी समीक्षा की तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी मामलों में नियमानुसार एवं विधिसम्मत आदेश पारित किए गए हो। साथ ही लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए आगामी पेशी तिथियां न्यूनतम अंतराल पर निर्धारित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सके और आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

### बैठक 7 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक आगामी 7 जून को सुबह 10 बजे से जिला कार्यालय सामाजिक भवन कौरिनभांठा में आयोजित की गई है।


### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार सरदार करनैल सिंह आ. सरदार सुजान सिंह निवासी बल्देव बाग, वार्ड नं. 14, राजनांदगाँव तह. व जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) की तरफ से यह सूचित करता हूं कि एक संपत्ति जो कि मौजा बल्देव बाग, राजनांदगाँव की है जिसका नजूल शीट नं. 34, भूखण्ड क्रं. 72/4, रकबा 256.00 वर्गमीटर = 2750 वर्गफट एवं नजूल शीट नं. 34, भूखण्ड क्रं. 72/23 रकबा 332.00 वर्गमीटर = 3575 वर्गफट है।

उक्त संपत्ति को श्री सरदार करनैल सिंह आ. सरदार सुजान सिंह ने नजूल शीट नं. 34, भूखण्ड क्र. 72/4, रकबा 256.00 वर्गमीटर = 2750 वर्गफट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 16/12/1991 द्वारा श्री अशोक कुमार आ. श्री साबरमल लोहिया से विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया था तथा एक और संपत्ति, सरदार करनैल सिंह आ. श्री सरदार सुजान सिंह ने नजूल शीट नं. 34, भूखण्ड क्रं. 72/23 रकबा 332.00 वर्गमीटर = 3575 वर्गफट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 16/12/1991 द्वारा श्रीमती प्रीतम कौर ध.प. श्री सुजान सिंग भाटिया से विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया था जो कि कही खो गयी है जिसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने में दिनांक 04/06/2026 को दर्ज करवाई गई है।

अतः उपरोक्त परिस्थितियों में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकर, फर्म आदि को उपरोवर्णित भूमि तथा उस पर निर्माण पर किसी भी प्रकार का दावा अपत्ति हो तो आम सुचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेंज सहित स्वंय उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावें, समयावधि के पश्चात उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कृषि विकास शाखा, राजनांदगांव में बंधक रखकर ऋण की प्रकिया पूर्ण करेगा, तत्पश्चात किया गया कोई भी दावा आपत्ति अवैध व शून्य माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

स्थान- राजनांदगॉव (छ.ग.)
दिनांक 04/06/2026

भवदीय
**सुमंत बख्शी (अधिवक्ता)**
निवासी ऑफिस नं. 211, द्वितीय तल, सन सिटी जंक्शन, सन सिटी कंचनबाग, राजनांदगाँव (छ.ग.)
मो.नं.- 9826156704

**खबर संक्षेप**

## गर्ल्स कॉलेज के सामने कचरे का ढेर फैली गंदगी

**कवर्धा।** शहर के राजमाता विजियाराजे सिंधिया गर्ल्स कॉलेज के मुख्य मार्ग के सामने इन दिनों कचरे का ढेर लगा हुआ है। आसपास के घरों से निकलने वाला कचरा खुले में फेंका जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं को इसी गंदगी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। कचरे से उठने वाली दुर्गंध के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं।

# 13 हजार पेड़ों से सांस ले रहा शहर, हरीतिमा ने हरियाली को बनाया जनआंदोलन

- आठ वर्षों के सतत अभियान से बदली शहर की तस्वीर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बढ़ते तापमान, प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र के बीच कवर्धा शहर में एक ऐसी मुहिम पिछले आठ वर्षों से चल रही है, जिसने पर्यावरण संरक्षण को केवल एक अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन बना दिया है। पर्यावरण प्रेमियों के संगठन हरीतिमा ने अपने समर्पण, श्रम और सतत प्रयासों से शहर को हजारों वृक्षों की सौगात दी है।

आज जिन सड़कों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर घनी हरियाली दिखाई देती है, उसके पीछे हरीतिमा टीम की वर्षों की मेहनत और पौधों के संरक्षण की संस्कृति है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरीतिमा का यह सफर प्रेरणा का विषय बना हुआ है। संस्था द्वारा अब तक 13 हजार से अधिक पौधों का रोपण एवं संरक्षण किया जा चुका है। इन पौधों में अधिकांश आज बड़े वृक्ष बन चुके हैं और शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण एवं ऑक्सीजन प्रदान कर रहे हैं। करीब आठ वर्ष पहले हरीतिमा के संस्थापक अजय लूनिया और राकेश दोषी ने एक जन्मदिन के अवसर पर नीम का पौधा लगाया था। उस समय यह एक छोटा प्रयास था, लेकिन आज वही पौधा विशाल वृक्ष बनकर लोगों को छाया और शुद्ध हवा दे रहा है। इसी प्रेरणा ने हरीतिमा को जन्म दिया और वृक्षारोपण को जनभागीदारी के अभियान में बदल दिया। हरीतिमा की सबसे बड़ी विशेषता उसका निरंतरता भरा अभियान है। टीम के सदस्य प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पौधों की देखभाल, सिंचाई, सुरक्षा और नए पौधारोपण के कार्य में जुटे रहते हैं। कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में भी अभियान नहीं रुका। टीम ने सुरक्षा उपायों के साथ पौधों की सेवा जारी रखी और पर्यावरण संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा।

### जनसहभागिता बनी सबसे बड़ी ताकत

हरीतिमा के अभियान से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में नागरिक भी वृक्षारोपण से जुड़ रहे हैं। जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, बच्चों के जन्मोत्सव तथा प्रियजनों की स्मृति में पौधे लगाने की परंपरा तेजी से बढ़ी है। लोग केवल पौधे नहीं लगा रहे, बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प भी ले रहे हैं। यही कारण है कि हरीतिमा का अभियान आज एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। वर्ष 2026-27 के लिए हरीतिमा ने विशेष कार्ययोजना तैयार की है। आगामी 16 जून से व्यापक वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही हरित स्कूल थीम पर विशेष कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसके तहत विद्यालय परिसरों में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए जाएंगे।

### समर्पित टीम ने रचा हरियाली का इतिहास




### शहर के हर कोने तक पहुंची हरियाली

हरीतिमा ने केवल पौधे लगाए ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण को भी प्राथमिकता दी। रामनगर, लोहारा रोड, लालपुर रोड, आशा नगर, महावीर नगर, शिक्षक कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, विद्या पथ, कलेक्टर कॉलोनी, रायपुर रोड, नया एवं पुराना बाईपास, दर्रीपारा, कैलाश नगर, शिवाजी कॉलोनी, श्याम नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित शहर की पहचान बन चुके हैं। इन स्थानों पर फलदार, छायादार और औषधीय प्रजातियों के वृक्ष विकसित होकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### पटवारी जांच और स्थल निरीक्षण में सच्चाई उजागर

# पीएम आवास को रोकने की कोशिश प्रशासन व विधायक को किया गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम कोदवागोड़ान में कुम्हार समाज द्वारा जमीन पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण को लेकर विधायक एवं जिला प्रशासन को दी गई शिकायत पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यों से परे पाई गई है। आवेदन में दावा किया गया था कि शासन द्वारा कुंभकारों को दी गई जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाया जा रहा है, जिससे 40 परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। हालांकि, मौके पर किए गए स्थल निरीक्षण और राजस्व विभाग की जांच ने इस पूरे दावे की हवा निकाल दी है।

स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर पटवारी द्वारा किए गए सीमांकन और दस्तावेजों की पड़ताल में यह साफ हुआ है कि जिस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बन रहा है, वह कुम्हार समाज द्वारा पिछले 60 वर्षों से उपयोग की जा रही मिट्टी खदान की भूमि से पूरी तरह से अलग और साप्ताहिक बाजार स्थल की सीमा पर है।

गौरतलब है कि इस विवादित स्थल पर पूर्व में शासन का महिला कर्मचारी आवास हुआ करता था। लगभग 30-32 साल पहले जब वह भवन जर्जर और अनुपयोगी हो गया, तब तत्कालीन ग्राम पंचायत ने एक अत्यंत गरीब, बेघर और जरूरतमंद परिवार (तुलसी पनरिया) को वहां रहने के लिए आश्रय दिया था। तब से आज तक तुलसीराम का परिवार उसी मात्र दो डिसमिल रकबा वाले स्थान पर स्थित जर्जर भवन की मरम्मत कर झोपड़ी बनाकर रह रहा है। विस्तृत पड़ताल से यह सामने आया कि तुलसीराम का परिवार बेहद गरीब पृष्ठभूमि से आता है जो डबलरोटी (ब्रेड) और कबाड़ बेचकर अपने चार बच्चों और पूरे परिवार का भरण-पोषण करता है। पिछले वर्ष शासन द्वारा उसके नाम पर एक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया था। लेकिन कुम्हार समाज के कुछ लोगों द्वारा व्यक्तिगत रंजिश के चलते सामूहिक रूप से डरा-धमका कर बार बार निर्माण कार्य को रुकवा दिया जाता था। हाल ही में जब ग्राम पंचायत और अन्य ग्रामीणों की प्रेरणा से तुलसीराम ने पुनः अपने पक्के घर का निर्माण शुरू कराया, तो उसे रोकने के लिए जिला प्रशासन और विधायक को झूठी शिकायतें सौंपकर गुमराह करने का प्रयास किया गया।

कलेक्टर को सौंपे गए शिकायत पत्र में यह दावा किया गया है कि गांव में 40 कुंभकार परिवार प्रभावित हो रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि पूरे गांव में इस समाज के मात्र 10 से 12 परिवार ही निवास करते हैं, जिनमें से भी केवल कुछ ही परिवार मिट्टी शिल्प के कार्य से जुड़े हैं। इससे भी बड़ा खुलासा यह हुआ है कि आवेदन पत्र में ऐसे व्यक्तियों के भी हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान शामिल किए गए हैं, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है या जिन्होंने इस तरह के किसी आवेदन पर अपनी सहमति ही नहीं दी थी। पूरे मामले में विडंबना तो यह है कि उक्त गलत शिकायत की बिना सच्चाई जाने सोसल मीडिया में भ्रामक खबरें भी चलाई गईं।

### राजस्व रिकॉर्ड ने साफ की स्थिति



पटवारी द्वारा मौके पर जाकर जब सरकारी नक्शे और खसरा दस्तावेजों का मिलान किया गया, तो पूरी स्थिति शीशे की तरह साफ हो गई। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, कुम्हार समाज को मिट्टी निकालने के लिए खसरा नंबर 141 में पहले से ही पर्याप्त भूखंड आवंटित किया गया है, जहां वे बिना किसी बाधा के कार्य कर सकते हैं। इसके विपरीत, जिस भूमि पर पीएम आवास बन रहा है, उसके सरकारी रिकॉर्ड में कहीं भी कुम्हार समाज के स्वामित्व या आवंटन का कोई उल्लेख नहीं है। प्रशासन की इस निष्पक्ष जांच के बाद अब दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है।

# भगवान से मिलाने वाली सुखदाता भक्ति संत की कृपा से मिलती है: कथा व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पलानसरी में ग्रामाचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में और यज्ञाचार्य पं चंद्रभूषण पाठक के आचार्यत्व में गौ-रक्षा, ग्राम रक्षा और विश्व कल्याण के लिए श्री विष्णु महायज्ञ और श्री राम कथा का पावन आयोजन किया गया है, श्री राम कथा के पहले दिन धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि ये संसार दुःखालय है, यहां मन लगाने से दुख ही मिलता है जन्म और मृत्यु के समय जीव को बहुत अधिक दुःख मिलता है, शेष जीवन में भी कई प्रकार के दुःख मिलते रहते हैं। कोई तन से, कोई मन से तो कोई धन से दुखी है।



पं श्री उपाध्याय ने कहा कि व्यक्ति सुख पाने कर्म करता है पर परिणाम में दुख ही मिलता है। संसार का हर प्राणी सुख चाहता है। अब विचार ये करना है कि हमको सुख कैसे मिले? भगवान श्री राम ने कहा कि जो इस लोक और परलोक में दोनों जगह सुख पाना चाहते हैं तो मेरे वचनों को हृदय में गांठ बांध कर रख लो कि मेरी भक्ति से ही लोक और परलोक में सुख मिलेगा, भक्ति का यह मार्ग सरल और सुखद है। भक्ति का मार्ग स्वतंत्र है और सुख की खान है, ये भक्ति संत की कृपा, सत्संग से कथा से और भगवान शिव की कृपा से प्राप्त होती है।

उन्होने कहा कि माता शबरी संत व गुरु की कृपा से भक्ति प्राप्त करती हैं माता शबरी संत और गुरु के वचनों में विश्वास करतीं हैं गुरु की संत की ऐसी कृपा हुई कि भगवान श्री राम स्वयं चलकर माता शबरी के पास आये दर्शन देने के लिए। शबरी की जो प्रतीक्षा है वो तपस्वी की तपस्या के समान है। योगी के योग के समान है माता शबरी कभी निराश नहीं हुई उनको हर समय यही लगता था कि भगवान श्री राम आ रहे हैं। जब भगवान आये माता शबरी चरणों में लोट गई चरणों को धोई सुंदर आसन में बिठाया और फल खिलाई भगवान बड़े प्रेम से शबरी के फलों को खाते हैं और प्रसंशा करते हैं। जो स्वाद भगवान को शबरी के फलों में आया, विदुरानी के केलों के छिलके में आया वो दूसरी जगह नहीं मिला।

क्योंकि भगवान को प्रेम भक्ति प्रिय है भगवान भक्ति का नाता मानते हैं। भगवान श्री राम माता शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश देते हुए कहते हैं कि जाति, कुल, धर्म, प्रशंसा, धन, बल, परिवार और पद प्रतिष्ठा की शोभा भक्ति के बिना नहीं होती। सावधान होकर सुनो और मन में धारण करो। बुद्धि से जाना जाता है और मन से माना जाता है। गुरु और संत की बात को मान लेने से कल्याण होता है। भक्ति को हृदय में मन में धारण करना चाहिए। भक्ति से परम सुख, शांति मिलती है और भगवान की प्राप्ति होती है।

## छात्राओं ने सफलतापूर्वक पूरी की बैंकिंग इंटर्नशिप

कवर्धा। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल कवर्धा में विगत दस वर्षों से संचालित व्यावसायिक शिक्षा कि व्यावसायिक पाठयक्रम के अंतर्गत बैंकिंग विषय को चयन करने वाले कक्षा 11वीं कि 41 एवं कक्षा 12वीं के 39 छात्राओ को 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम संपन्न कराया गया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के बैंकिंग विषय के प्रशिक्षक शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक एवं वित्तीय संस्थानों से इंटर्नशिप करवाया गया। इंटर्नशिप में वित्तीय कार्य प्रणाली को समझा साथ ही वित्तीय कार्य प्रणाली जिससे उनमें वित्तीय प्रबंधन कि कौशल की समझ बढ़ा इंटर्नशिप प्रोग्राम मे सम्मिलित छात्र एवं छात्राए को संस्था कि प्राचार्य, ग्रामीण बैंक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# नैनो उर्वरकों के प्रयोग से खेती में होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

राज्य सरकार द्वारा खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए किए गए इंतजामों का सकारात्मक असर अब गांवों में दिखाई देने लगा है। किसानों को कृषि कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समितियों और वितरण केंद्रों के माध्यम से उर्वरकों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही किसानों को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया जैसे आधुनिक उर्वरकों के उपयोग और लाभ की जानकारी भी दी जा रही है, जिससे किसान नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

इसी व्यवस्था से लाभान्वित किसानों में विकासखंड कवर्धा के ग्राम धरमपुरा निवासी किसान अवध राम ठाकुर भी शामिल हैं। उन्होंने समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के प्रति संतोष व्यक्त किया।

# सरकार बदलते ही गौठानों की बदहाली, लाखों की संपत्तियां हो रही बेकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत प्रदेशभर में गौठानों का निर्माण कराया गया था। इस योजना का उद्देश्य गौ-वंश संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देना तथा ग्रामीणों, विशेषकर महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध कराना था।

योजना के अंतर्गत गौठानों में गौवंश के लिए पानी पीने की व्यवस्था, चारा रखने हेतु कोटना, सुरक्षित आश्रय, भवन निर्माण, बाउंड्रीवॉल, बोर खनन, सौर ऊर्जा सहित विभिन्न सुविधाओं पर लाखों



रुपए खर्च किए गए थे। लेकिन सरकार बदलने के बाद क्षेत्रों में इन गौठानों की स्थिति दयनीय होती जा रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गौठानों की रखरखाव के अभाव में गौठानों के भवन खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। कोटना, नालियां और अन्य संरचनाएं उपयोग के बिना जर्जर अवस्था में पड़ी हैं। कई स्थानों पर सौर ऊर्जा उपकरण भी निष्क्रिय हो चुके हैं, जिससे करोड़ों रुपए की सार्वजनिक संपत्ति बेकार होती नजर आ रही है।

### गौठानों के संचालन के लिए प्रभावी कदम उठाएं जाएं

यहां बताना लाजिमी होगा कि गौठानों के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार मिलता था। वहीं सरकार द्वारा गोबर खरीदी योजना के तहत ग्रामीण 2 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गोबर बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित करते थे। इस व्यवस्था से कई परिवारों को आर्थिक संबल मिला था। ग्रामीणों ने बताया कि गौठानों में खरीदे गए गोबर से जैविक खाद तैयार कर सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाता था। किसानों का कहना है कि यह खाद फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में काफी उपयोगी साबित होती थी। वर्तमान में योजना की गतिविधियां प्रभावित होने से किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गौठानों के रखरखाव और संचालन के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

### भाजपा सरकार में हर घर तक पहुंच रही विकास की रोशनी

# 2.38 करोड़ केविद्युत उप केंद्र का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सेवा, सुविधा और विकास के संकल्प के साथ पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने गुरूवार को ग्राम उड़िया खुर्द (कारेसरा) में क्षेत्रवासियों की एक और बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए 2 करोड़ 38 लाख 13 हजार रुपए की लागत से निर्मित नवीन 33/11 केव्ही विद्युत उप केंद्र का लोकार्पण किया।

भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से जनता को मिली इस सुविधा से क्षेत्रवासियों में हर्ष दिखाई दिया। इस नवीन विद्युत उप केंद्र की स्थापना से कारेसरा, उड़िया खुर्द, उड़िया कला, दनिया, बनिया, बिरनपुर, बुधवारा, खपरी, सलिहा एवं बचेड़ी सहित आसपास के ग्रामों के 13 सौ से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान होगा, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से अब तक पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में 5 विद्युत उप केंद्र की स्थापना की स्वीकृति मिली है जिसके अंतर्गत 2 करोड़ 39 लाख की लागत से ग्राम बिरनपुर (गांगपुर), 2 करोड़ 38 लाख 13 हजार रुपए की लागत से उड़िया खुर्द (कारेसरा) विद्युत उप केंद्र का लोकार्पण उनके द्वारा किया जा चुका है वहीं ग्राम पौनी में 1 करोड़ 13 लाख 29 हजार, ग्राम कोयलारीडीह में 1 करोड़ 99 लाख 6 हजार एवं ग्राम भुवालपुर में 1 करोड़ 16 लाख 59 हजार की लागत से विद्युत उप केंद्र निर्माणाधीन है, जो जल्द ही पूर्ण हो जाएगा और क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही पांडातराई को नवीन उप संभाग बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में किसी भी प्रकार के विद्युत अवरोध के कारण जनता को परेशानी न हो इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं। ट्रांसफार्मर में खराबी उसके विस्थापना जैसे शिकायतों और जल संकट को देखते हुए बोर खनन जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरे किए जा रहें हैं ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

### क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में विकास को रोशनी हर घर और गांव तक पहुंच रही है। भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बिजली, सड़क, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को सुदृढ़ कर गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। नवीन विद्युत उप केंद्र के प्रारंभ होने से अन्य उप केंद्रों पर भार एवं दबाव भी कम होगा, जिससे क्षेत्र में लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और ब्रेकडाउन जैसी समस्याओं में कमी आएगी। इसका प्रत्यक्ष लाभ कृषि कार्यों, सिंचाई व्यवस्था तथा घरेलू उपयोगकर्ताओं को मिलेगा और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति प्राप्त होगी।

## मेन मार्केट लाइन में अव्यवस्थित पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर में ऋषभदेव चौक से गुरुनानक गेट तक मेन मार्केट लाइन में दुकानों के सामने बेधड़क गाड़ियां खड़ी कर दी जा रही हैं। अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क संकरी हो जाती है। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापारिक क्षेत्र होने के कारण यहां वाहनों की आवाजाही पहले से ही अधिक रहती है। ऐसे में दुकानों के सामने खड़े वाहनों से लोगों को परेशानी होती है। जिस पर राहगीरों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा अव्यवस्थित पार्किंग को सुव्यवस्थित कराने की मांग की गई ताकि ट्रैफिक जाम से राहत मिल सकें।

# महिला व बाल विभाग में सहायक ग्रेड 03 हेतु पद पात्र-अपात्र सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में सहायक ग्रेड-03 के पद पर नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रथम स्क्रूटनी उपरांत पात्र, अपात्र एवं अमान्य अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है।

उक्त सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के सूचना पटल पर भी प्रदर्शित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि पात्रता, अपात्रता अथवा आवेदन से संबंधित अन्य किसी भी बिंदु पर यदि किसी आवेदक को कोई दावा या आपत्ति हो, तो वह अपने सप्रमाण आवेदन 18 जून सायं 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा रजिस्टर्ड डाक एवं ई-मेल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में नवीन दस्तावेज अथवा प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हालांकि, पूर्व में प्रस्तुत दस्तावेजों की पुष्टि अथवा स्पष्टीकरण के समर्थन में कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर चयन समिति द्वारा उस पर नियमानुसार विचार किया जा सकेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी आवेदकों से अपील की है कि यदि उन्हें सूची के संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो निर्धारित समयावधि के भीतर आवश्यक प्रमाणों सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्यों की समीक्षा

**कवर्धा।** जिले के ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व वाले भोरमदेव क्षेत्र में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 146 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए जा रहे भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्यों की जिले के प्रभारी सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने भोरमदेव मंदिर परिसर में अधिकारियों की बैठक लेकर परियोजना के विभिन्न कार्यों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य भी उपस्थित रहे।
बैठक के दौरान प्रभारी सचिव ने इस योजना के प्रत्येक घटक की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों, इंजीनियरों और निर्माण एजेंसियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद प्रभारी सचिव ने निर्माण एजेंसियों के इंजीनियरों एवं ठेकेदारों के साथ पूरे प्रोजेक्ट क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों का विस्तार से अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मड़वा महल और छेरकी महल में जारी विकास एवं निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले बेस स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि बारिश के दौरान निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट न आए और कार्य लगातार सुचारु रूप से जारी रह सके। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक स्थलों का विकास इस प्रकार किया जाए कि यहां आने वाले पर्यटकों को इस स्थल के ऐतिहासिक महत्त्व और तत्कालीन स्थापत्य कला का अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इन स्थलों के इतिहास और जानकारी को प्रदर्शित करने के लिए सूचना बोर्ड लगाए जाएं, ताकि पर्यटक इन धरोहरों के इतिहास और विशेषताओं से परिचित हो सकें। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, इंजीनियर्स और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ई-केवायसी में कबीरधाम पहले पायदान पर

**कवर्धा।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के ई केवायसी पूर्ण करने में कबीरधाम जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन एवं नियमित मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप जिले में द्वितीय चरण में निर्धारित लक्ष्य के 95.03 प्रतिशत हितग्राहियों का ई केवायसी सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जिले को प्राप्त 2 लाख 40 हजार 709 हितग्राहियों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2 लाख 28 हजार 751 महिलाओं का ई केवायसी पूर्ण किया जा चुका है। गौरतलब है कि अभी तक महतारी वंदन की 27 किश्तें जारी हो चुकी हैं। इन 27 किश्तों को मिलाकर जिले की महिला हितग्राहियों को कुल 633 करोड़ 9 लाख 94 हजार 850 रुपये की राशि जारी की जा चुकी हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा ई केवायसी कार्य की लगातार समीक्षा की गई। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सीएससी प्रबंधक को नियमित रूप से आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर तक महिलाओं के ई केवायसी पर विशेष फोकस किया गया। ई केवायसी कार्य प्रारंभ होने से पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सीएससी प्रबंधक के साथ बैठक आयोजित कर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। महिला हितग्राहियों तक ई केवायसी किये जाने की सूचना व्यापक रूप से प्रचारित किया गया ताकि सभी तक यह जानकारी पहुंच सके। महिलाओं के ई केवायसी में किसी प्रकार की तकनीकी या आधार संबंधी समस्या आने पर विभागीय समन्वय से उसका तत्काल समाधान कराया गया। जिन हितग्राहियों के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण में समस्या आई, उन्हें आधार अपडेट हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा संबंधित विभागों के सहयोग से उनकी प्रक्रिया पूरी करवाई गई। डेटा मिसमैच, आधार नाम विसंगति अथवा फिंगरप्रिंट संबंधी समस्याओं का भी त्वरित निराकरण किया गया।

**उपचुनाव:** 1949 मत प्राप्त कर रोशन वैष्णव को 762 वोटों से हराया

# सहसपुर लोहारा नगर पंचायत उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सरिता ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के लिए 1 जून को हुए मतदान के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 4 जून को मतगणना संपन्न हुई। मतगणना में भाजपा प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर तथा आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा को कुल 1949 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस समर्थित माने जा रहे प्रत्याशी रोशन वैष्णव को 1187 मत मिले और वे दूसरे स्थान पर रहे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी अजय यादव को 1018 वोट प्राप्त हुए। अन्य प्रत्याशियों में डाकेश्वर श्रीवास को 25, महादेव कुम्भकार को 17 तथा गुलशन कुमार गंधर्व को 10 मत मिले। इसके अलावा 31 मतदाताओं ने नोटा (NOTA) का विकल्प चुना।

मतगणना की प्रक्रिया पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सहसपुर लोहारा में प्रातः 8 बजे प्रारंभ हुई। मतों की गणना के लिए कुल 15 गणना टेबल स्थापित किए गए थे। प्रत्येक टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक एवं एक गणना सहायक की नियुक्ति की गई थी, जिससे मतगणना कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

प्रशासन द्वारा मतगणना केंद्र पर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरी मतगणना प्रक्रिया एक ही राउंड में पूर्ण कर ली गई। अधिकारियों की निगरानी में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना संपन्न हुई तथा परिणामों की औपचारिक घोषणा की गई। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में उत्साहपूर्वक विजय का जश्न मनाया।

समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस जीत को जनता के विश्वास एवं पार्टी की नीतियों की जीत बताया। सरिता संतोष मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रोशन वैष्णव को 762 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।



**सरिता संतोष मिश्रा बनी नपं अध्यक्ष**

मतगणना के दौरान शुरुआत से ही भाजपा प्रत्याशी बढ़त बनाए रहीं और अंतिम राउंड तक उनकी बढ़त कायम रही। घोषित परिणामों के अनुसार सरिता संतोष मिश्रा ने रोशन वैष्णव को 762 मतों से और अजय यादव को 931 मतों से पराजित किया। इस जीत को भाजपा नेताओं ने क्षेत्र के विकास और जनता के विश्वास की जीत बताया है।



**भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न**

परिणाम सामने आते ही सहसपुर लोहारा सहित कवर्धा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर भरोसा जताया है।

# बैगा आदिवासी गंदा पानी पीने को मजबूर

- आदिवासी बाहुल्य ग्राम केशमर्दा में पेयजल की गंभीर समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रामीणों की शिकायत पर युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने कवर्धा विधानसभा के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र स्थित बैगा बाहुल्य ग्राम केशमर्दा का दौरा किया।

इस दौरान उन्होने गांव में व्याप्त भीषण पेयजल संकट एवं बोरिंग, झिरिया तथा कुओं से निकल रहे लाल एवं गंदे पानी की स्थिति देखकर गहरी चिंता व्यक्त की और भाजपा सरकार एवं जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री विजय शर्मा, जिला प्रशासन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी बताएं कि क्या वे स्वयं इस पानी का एक घूंट पी सकते हैं? जिस पानी को देखकर कोई भी व्यक्ति पीने से इंकार कर दे, उसी पानी को बैगा आदिवासी परिवार वर्षों से मजबूरी में पी रहे हैं।

यह स्थिति केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि आदिवासी समुदाय के प्रति गंभीर संवेदनहीनता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों ने शुद्ध पेयजल की मांग को लेकर कई बार आवेदन और शिकायतें कीं, यहां तक कि सुशासन तिहार में भी अपनी समस्याएं रखीं, लेकिन उन्हें समाधान के स्थान पर केवल आश्वासन मिला। सरकार आदिवासी विकास, सुशासन और जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे करती है, जबकि धरातल पर केशमर्दा के बैगा परिवार आज भी स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं।

**सिर्फ कागजों में चल रही भाजपा सरकार की योजनाएं**



तुकाराम चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं कागजों तक सीमित हैं। बोड़ला को आकांक्षी ब्लॉक घोषित करने के बावजूद यहां की जन आकांक्षाएं फाइलों में दबकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई तो यह आदिवासी परिवारों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ होगा। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आखिर बैगा आदिवासियों और उनके बच्चों के जीवन की कीमत क्या है? कब तक ग्रामीण आवेदन और निवेदन करते रहेंगे और कब तक प्रशासन आंखें मूंदे बैठा रहेगा? श्री चंद्रवंशी ने बताया कि उन्होंने ग्राम की वास्तविक स्थिति का वीडियो जारी कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने तथा बैगा आदिवासी समाज की पीड़ा को जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने मांग की कि केशमर्दा सहित आसपास के प्रभावित गांवों में तत्काल स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को वादे और घोषणाएं नहीं, बल्कि जीने के लिए साफ पानी चाहिए। जब तक बैगा आदिवासी परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक यह आवाज उठती रहेगी।

# नवाचार व स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति पर कार्यशाला आयोजित

- विशेषज्ञों ने स्टार्टअप इकोसिस्टम पर दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिला कलेक्ट्रेट में छत्तीसगढ़ की स्टार्टअप नीति एवं नवाचार आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ नवाचार और स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025-30 के तहत आयोजित हुई। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य में स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने तथा प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं एवं पहलुओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उद्योग विभाग रायपुर से पहुंची वरिष्ठ सलाहकार प्रीति खंडेलवाल ने छत्तीसगढ़ सरकार की स्टार्टअप नीति, नवाचार आधारित उद्यमों के लिए उपलब्ध अवसरों, वित्तीय एवं तकनीकी सहायता, मेंटरशिप तथा संस्थागत सहयोग की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवाओं, स्टार्टअप फाउंडर्स एवं उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के प्रमुख एवं सफल स्टार्टअप्स के उदाहरण प्रस्तुत किए गए।

# आवास नहीं, फिर किस बात का नोटिस? तीन किस्त जारी होने के दावे पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पांडातराई में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ा एक मामला प्रशासनिक कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड प्रबंधन और योजनाओं की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। वार्ड क्रमांक 3 निवासी गंजहा यादव को नगर पंचायत द्वारा सात दिनों के भीतर आवास निर्माण पूर्ण करने का नोटिस जारी किया गया है।

नोटिस में उल्लेख है कि हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण कार्रवाई की जा रही है। मगर गंजहा यादव ने नगर पंचायत के इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है।



उनका कहना है कि उन्हें आज तक न तो किसी आवास की स्वीकृति की जानकारी दी गई और न ही किसी प्रकार की किस्त राशि प्राप्त हुई। उनका दावा है कि उनके नाम पर कोई निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हुआ। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि तीन किस्त जारी हुईं तो राशि किस खाते में गई, भुगतान किस आधार पर हुआ और इसकी जिम्मेदारी किसकी है?

गंजहा यादव ने मांग की है कि उनके नाम पर आवास स्वीकृति, भुगतान और संबंधित सभी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं। उनका कहना है कि यदि भुगतान नहीं हुआ तो नगर पंचायत के रिकॉर्ड में तीन किस्त जारी होने का उल्लेख कैसे दर्ज किया गया। यह मामला नगर पंचायत के रिकॉर्ड की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

# प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की समय-सारिणी की गई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आरटीई अंतर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेश की द्वितीय चरण की समय-सारिणी जारी कर दी गई है।

प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन आरटीई पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, द्वितीय चरण की लॉटरी प्रक्रिया के अंतर्गत सत्र 2025-26 के ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की प्रविष्टि संबंधित निजी विद्यालयों द्वारा अनिवार्य रूप से 09 जून 2026 तक आर.टी.ई. पोर्टल पर दर्ज की जानी है, ताकि नोडल प्राचार्य द्वारा आवश्यक अद्यतन कार्य पूर्ण किया जा सके।

इसके पश्चात 10 जून से 16 जून 2026 तक नोडल प्राचार्य (आर.टी.ई.) एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन एवं सीट प्रकटीकरण की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन में संशोधन का अवसर 17 जून से 30 जून 2026 तक उपलब्ध रहेगा। वहीं, इसी अवधि में प्राप्त आवेदनों का नोडल सत्यापन 17 जून से 03 जुलाई 2026 तक किया जाएगा।

# जल संरक्षण और वृक्षारोपण से पर्यावरण संवर्धन की मुहिम तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। मनरेगा के तहत जिले की 471 ग्राम पंचायतों में अब तक 1.78 लाख से अधिक सोखता गड्ढों, 112 अमृत सरोवर, 404 आजीविका डबरी तथा अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया गया है। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 1.12 लाख से अधिक पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया है। जनभागीदारी से 5.53 लाख पौधे रोपण के लिए भी वितरित किए गए हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण और पौधारोपण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। वर्षा जल संचयन और हरियाली बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल और पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सके।



**यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व भविष्य के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदमः नपाध्यक्ष**

# हाईटेक बस स्टैंड से बसों का संचालन 6 जून से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि नगरवासियों का 8 वर्ष का लंबा इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है क्योंकि पुराना बस स्टैण्ड अब नए हाईटेक बस स्टैण्ड में स्थानांतरित किये जाने हेतु रोड मैप पूर्ण हो चुका है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने गुरूवार पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 8 वर्षो का इंतजार अब खत्म हुआ है नवीन हाईटेक बस स्टैण्ड से बसों का संचालन अब 6 जून से प्रारंभ कर दी जायेगी।

उन्होनें यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और भविष्य के विकास की दिशा में बस स्टैण्ड का संचालन को महत्तवपूर्ण कदम बताया। उन्होनें यातायात विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग सहित बस ऑपरेटर, टैक्सी चालकों से बैठक कर समन्वय स्थापित कर बस संचालन किये जाने हेतु समन्वय स्थापित किया जा चुका है 8 वर्ष पहले बनकर तैयार हुआ हाईटेक बस स्टैण्ड के प्रारंभ होने से हमारे कवर्धा नगर की पहचान बढ़ेगी। उन्होनें कहा कि सभी के समन्वय से ही बस स्टैण्ड का संचालन होगा।

अधिकारियो को भी निर्देशित किया गया है कि बस स्टैण्ड संचालन पूर्व यात्रियों की मूलभूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, स्वच्छता व प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से किया जावें। ताकि बस स्टैण्ड में पहुंचने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना करना ना पड़े। प्रेसवार्ता के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल भी उपस्थित रहे।



**विद्यार्थियों को मिलेगी विशेष सुविधा**

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बस स्टैंड स्थानांतरण को लेकर बस संचालकों, ऑटो संचालकों तथा पुलिस विभाग के साथ कई चरणों में विस्तृत चर्चा की गई है और सभी आवश्यक बिंदुओं पर सहमति बनाई गई है। विशेष रूप से विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑटो संचालकों ने पहचान पत्र दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता देने तथा न्यूनतम किराये पर सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

**डिप्टी सीएम की मौजूदगी में पूजापाठ के साथ शुभारंभ**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि बस संचालन पूर्व बस स्टैण्ड परिसर में भगवान सत्यनारायण जी की कथा एवं हवन पूजन कार्यक्रम होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेगें। गत दिवस अपने नपाध्यक्ष ने नगर पालिका टीम के साथ हाईटेक बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर अंतिम से रूप चल रहे कार्यो का जायजा लिया तथा कमियों को तत्काल पूरा करने निर्देशित किया गया था तथा आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी विभागवार पूर्ण करने को कहा।

# स्वैच्छिक रक्तदान उपसमिति के वाइस चेयरमेन बने बालाराम साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा रायपुर के द्वारा राज्य शाखा के उपसमिति का गठन किया गया है। रेडक्रॉस राज्य शाखा चेयरमेन तोमन साहू के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों में पूरे छत्तीसगढ़ में वृद्धि हुई है।



भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर की प्रबंध समिति द्वारा विभिन्न समितियों एवं उपसमितियों का गठन किया गया है। नियम 12 अनूसूची 03 के 08 अंतर्गत गठित विभिन्न समितियों में बालाराम साहू को वाइस चेयरमेन का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए है। उन्हें रक्तदान उप समिति का वाइस चेयरमेन नियुक्त किया गया है। बालाराम साहू वर्तमान में जिला में राज्य रेडक्रॉस प्रतिनिधी के रूप में सेवाए दे रहे हैं। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद वे संपूर्ण छत्तीसगढ़ में रक्तदान के विषय में कार्ययोजना तैयार कर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर बालाराम साहू ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल रमेन डेका, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चेयरमेन राज्य शाखा तोमन साहू के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हे जो दायित्व सौंपा गया है, उनका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य के रेडक्रॉस रक्तदान उपसमिति के वाइस चेयरमेन नियुक्त होने पर बालाराम साहू को जन प्रतिनिधिों, पदाधिकारियों एवं रेडक्रास सदस्यों द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइ प्रेषित की गई।